wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर में खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-80 | सागवाड़ा, गुरुवार, 18 नवम्बर, 2021 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश पर फीस पुनर्भरण के लिए भुगतान प्रक्रिया पर रोक हटी

### 25 प्रतिशत राशि जारी किये जाने को मंजूरी दी

**जयपुर।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश पर फीस पुनर्भरण के लिए भुगतान प्रक्रिया पर रोक हटाकर रोके गए बजट की 25 प्रतिशत राशि जारी किये जाने को मंजूरी दी है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में कोविड-19 संक्रमण के दौरान विद्यालय काफी समय तक बंद रहे। आरटीई के अन्तर्गत नि:शुल्क प्रवेश वाले छात्रों को ऑनलाइन शिक्षण कराने वाले निजी विद्यालयों में प्रशासनिक विभाग द्वारा रैंडम आधार पर ऑनलाइन शिक्षण एवं पाठ्यपुस्तक वितरण का सत्यापन कराया जाएगा। इस सत्यापन कार्य के लिए जिला स्तर पर दलों का गठन, प्रशिक्षण एवं सत्यापन की प्रक्रिया में कुछ समय लगना संभावित है। ऐसे में भुगतान प्रक्रिया में विलंब होगा। अत: वित्त विभाग ने सत्र 2020-21 में आरटीई के अन्तर्गत कराये गए ऑनलाइन अध्यापन के लिए देय राशि की 25 प्रतिशत राशि का भुगतान संस्था को अग्रिम के रूप में किए जाने का प्रस्ताव भेजा था। इस अग्रिम राशि का समायोजन अंतिम भुगतान योग्य राशि से किया जाएगा और अग्रिम राशि अंतिम देय राशि से अधिक होने की स्थिति में इस अधिक राशि का समायोजन आगामी वित्तीय वर्ष में देय राशि से किया जाएगा।

# कार दो बार पलटकर खाई में गिरी, 4 की मौत

### बिछीवाड़ा NH 48 पर कार पलटकर खाई में गिरी



**बिछीवाड़ा।** डूंगरपुर में NH 48 पर कार पलटकर 15 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक महिला सहित अन्य 3 घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बिछीवाड़ा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि उदयपुर से आ रही एक कार अहमदाबाद जा रही थी। आरा मोड़ के पास तेज गति और बारिश के कारण कारण चालक नियंत्रण खो बैठा। कार सर्विस लेन पर दो बार पलटी खाते हुए 15 फीट खाई में जा गिरी। राहगीरों ने पुलिस का सूचना देकर कार सवार 7 लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। एक-एक कर सातों लोगों को बाहर निकाला गया, मगर 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 4 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान एक घायल ने दम तोड़ दिया। मरने वालों की कुल संख्या 4 हो गई।

हादसे में 1 महिला सहित 3 लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बिछीवाड़ा से डूंगरपुर अस्पताल रैफर किया गया। शवों को मोर्चरी में रखवाया गया है। हादसे में कार सवार सभी लोग उदयपुर के डबोक के बताए जा रहे हैं। पुलिस मृतकों और घायलों की पहचान का प्रयास कर रही है।

# साल 2000 में निलामी में लिया प्लाट, पट्टा 2021 में मिला

### सागवाड़ा में प्रशान शहरों के संग शिविर में 42 पट्टे दिये, विधवा कांता को पांच साल बाद मिला पट्टा



**सागवाड़ा।** सीएम अशोक गहलोत सरकार द्वारा शुरू किया गया प्रशासन शहरों के संग अभियान का लाभ आमजन को मिलता दिखाई दे रहा है। सागवाड़ा नगर पालिका की ओर से गुरुवार को पटेलवाड़ा में आयोजित शिविर में एक पिता को जहां 21 साल बाद अपने जमीन का हक मिला वहीं विधवा कांता को पांच साल पट्टा मिला। पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि गुरुवार को आयोजित शिविर में स्टेट ग्रांट के 42 पट्टे वितरित किये गए। अब्दुल जब्बार ने साल 2000 में नगर पालिका से निलामी में प्लाट खरीदा था।

20 गुणा 70 का प्लाट उसने घर बनाने के लिए अपने पुत्र मोहम्मद इरफान के नाम निलामी में पट्टा लिया था। इसके बाद से उससे उस प्लाट का पट्टा नही मिला था। गुरुवार को आयोजित प्रशासन शहरों के संग शिविर में पट्ट मिल सका। इसी तरह विधवा कांता पत्नी कन्हैया लाल सेवक वार्ड 17 पूंजारवाड़ा की निवासी है। कांता सेवक ने साल 2016 में पट्टे के लिए आवेदन किया था। कांता सेवक ने बताया कि पट्टे के लिये तब से वह नगर पालिका के चक्कर लगा रही थी लेकिन अब शिविर में पट्टा मिला है।

इसी तरह वार्ड 26 यादव बस्ती निवासी विजय पुत्र कचरू यादव ने साल 2017 में पट्टे का आवेदन किया था। अतिथियों का स्वागत पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने किया। कार्यक्रम में एसडीएमराजीव द्विवेदी, अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल, तहसीलदार मयूर शर्मा, बंधु पाठक,पार्षद प्रदीप जोशी, इंद्रजीत मकवाणा, बाबूलाल मालीवाड़, ध्यानीलाल कंसार, चंद्रशेखर संघवी, नानूलाल मोड पटेल, जेईएन लोकेश पाटीदार, प्रवीण पाटीदार मौजूद थे।

# डूंगरपुर में मेघों की मेहरबानी, कनबा में सीएम का दौरा रद्द

### सुबह से देर रात तक होती रही तेज बारिश



**डूंगरपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के चलते मेघों की मेहरबानी से गुरुवार को जिलेभर में बारिश हुई। बारिश के चलते शुक्रवार को कनबा में सीएम अशोक गहलोत का दौरा रद्द कर दिया गया। दिनभर जिलेभर में तेज बारिश हुई।मौसम विभाग की माने तो बारिश के दौरान दो दिन तक दिन के तापमान में कमी और रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज होगी। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार 19 नवंबर को राजस्थान के 14 जिलों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। डूंगरपुर में ठंड के चलते तापमान गिरा जो 23 डिग्री रहा। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि वर्तमान में एक कम दबाव का क्षेत्र बंगाल की खाड़ी और दूसरा कम दबाव का क्षेत्र अरब सागर की खाड़ी में बना हुआ है। इसके अलावा पश्चिमी विक्षोभ भी उत्तर पश्चिमी भारत के ऊपर प्रभावी हो गया है, जिसके चलते राजस्थान में दो से तीन दिन तक बारिश का जोर रहेगा। 19 नवंबर को पूर्वी राजस्थान के अधिकतर जिलों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। 20 नवंबर को कोटा व उदयपुर संभाग के कुछ जिलों में कहीं-कहीं पर हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। बारिश के कारण दिन के तापमान में 4 डिग्री तक गिरावट हो सकती है। साथ ही कई जगहों पर शीतलहर का असर भी रहेगा।

# कार्तिक शुक्ल चौदस का तीन दिवसीय मेला शुरू



**पुनाली।** ग्राम पंचायत पाल मांडव के हनुमानजी मंदिर में तीन दिवसीय मेले का आगाज हुआ। मेले में छोटे बड़े सभी व्यापारियों ने अपने स्टॉल लगाये है। साथ ही घरेलू, कच्ची मिट्टी के बर्तन, कृषि औजार के व्यापारी ने अपनी दुकानें लगाई है। मेले में 9 पाल के गमेती व कोटवाल ने मिलकर मंदिर में ध्वजा चढ़ाई गई। दोवड़ा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया कि मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। दूर दराज से आने वाले लोगो व व्यावसायिक गतिविधियों पर कड़ी नजर है। मेले के प्रथम दिन महामारी का रुख देखने को मिला। विगत 2 वर्षों में कोरोना महामारी के चलते मेले का आयोजन नही हो पाया लेकिन समय के साथ ही धीरे धीरे इस वर्ष मेले के पूर्ण होने के आसार हैं।

# जिले में 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान तहत हुई कार्यवाही, 9 सेम्पल अवमानक,मिसब्राण्ड पाए गए

### मिलावटखोरों पर कसेगा शिकंजा

**डूंगरपुर।** दीपावली के त्यौहारी के चलते जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया था। अभियान का मुख्य उदेश्य आमजन को शुद्व पदार्थ मिले सके। इस संबंध में जिले में खाघ सुरक्षा अधिकारी को लगातार कारवाई करने के लिए निर्देशित किया है। अभियान के तहत अब 42 सैम्पल लिए गए थे जिसमे से नौ सैम्पल अवमानक मिसब्राण्ड के पाए। यह अभियान 14नवम्बर से 4 नवम्बर तक चलाया गया।

सीएमएचओ डॉ. राजेश शर्मा बताया कि त्यौहारो मे आमजन को शुद्व खाद्य पदार्थ मिल सके उसे लिए जिले में सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत दूध, मावा, पनीर व अन्य दुग्ध उत्पाद, आटा, बेसन, खाद्य तेल व घी की जांच की गई। वहीं सूखे मेवे, मसालों और बाट व माप की जांच भी की गई। दीपावली अभियान के दौरान जिले भर में 42 सैम्पल लिए गए जिसे जांच के लिए भेजे गए उनमे से 19 खाद्य पदार्थ की रिर्पोट प्राप्त हुई है जिसमे 9 अवमानक मिसब्राण्ड के पाए गए।

एफएसओ अजय मोयल ने बताया कि 19 के सैम्पल रिपोर्ट प्राप्त हुई इनमे से 9 सैम्पल अवमानक/ मिसब्राण्ड के पाए गए। एफएसओ मोयल ने बताया की अभियान मे मैसर्स वर्धमान किराणा स्टोर न्यू हॉस्पीटल रोड प्रताप सर्कल डूॅगरपुर से मैदा- ब्राण्ड महावीर, मैसर्स दिलिप कुमार अजब लाल साबला से सरसो का तेल - ब्राण्ड दिवाकर, मैसर्स उदय डेयरी प्रोडेक्ट गॉव लिम्बोड छोटी तहसिल सागवाडा से मिक्स दूध, मैसर्स बुजाडा दूध एकर्तीकरण केन्द्र बुजाडा तहसिल बिछिवाडा से मिक्स दूध, मैसर्स अपना बाजार हाइवे रोड बिछिवाडा से नमकिन ब्राण्ड मुस्ट, मैसर्स सिन्टैकस चौराया डूंगरपुर से मावे के पेडे, मैसर्स मयंक मिष्टान भण्डार सैफी काम्पलेक्स पुराना बस स्टेण्ड डूंगरपुर से खोऐ की बर्फी, मैसर्स गोकुल डेयर पादरा मोड तहसिल सागावाडा मिक्स दूध, मैसर्स पुष्पदन्त टडर्स प्राइवेट बस स्टेण्ड सागवाडा से आयोडीन नमक पैकट ब्राण्ड ताजा सभी 9 सैम्पल अवमानक/ मिसब्राण्ड के पाए गए सैम्पल की सभी फर्म के विरूद्ध न्याय निर्णय अधिकारी एवं अति.जिला कलक्टर डूॅगरपुर में परिवाद प्रस्तुत किया गया। जिसमें एक्ट के तहत धारा 51 व 52 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# धार्मिक और सामाजिक यात्रा के साथ फील्ड में उतरने जा रही वसुंधरा

### मेवाड़ से 23 नवंबर से यात्रा शुरू हो सकती है



**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एक बार फिर अपने चिर परिचित अंदाज में धार्मिक और सामाजिक यात्रा के साथ फील्ड में उतरने जा रही हैं। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने देव दर्शन का प्लान किया है। वे नेता प्रतिपक्ष के गढ़ मेवाड़ से 23 नवंबर से हेलिकॉप्टर के जरिए यात्रा शुरू कर रही हैं। खास बात यह है गुलाबचंद कटारिया ने तीन दिन पहले ही वसुंधरा राजे पर सवाल खड़े किये थे। वसुंधरा की यह राजनीतिक यात्रा भी मानी जा रही है। पिछली बार भी राजे राजनीतिक यात्रा शुरू करने वाली थी लेकिन आलाकमान के दखँ के बाद यात्रा निरस्त कर दी थी। इसे राजे का अगले विधानसभा चुनाव-2023 के लिए चुनावी शंखनाद भी माना जा रहा है, क्योंकि राजे ने 2018 विधानसभा चुनाव से पहले भी मेवाड़ से सुराज गौरव यात्रा निकाली थी।उपचुनाव में हार के लिए राजे का नाम लेकर निशाना साधने वाले नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया के ही मेवाड़ क्षेत्र में राजे ने 23 से 25 नवंबर को बड़ी यात्रा की प्लानिंग कर सियासी जवाब देने की तैयारी कर ली है। वे चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, उदयपुर, राजसमंद, भीलवाड़ा और बांसवाड़ा जिलों में मंदिरों के दर्शन करेंगी और दिवंगत जनप्रतिनिधियों के घर संवेदना भी जताने जाएंगी।पूर्व मंत्री यूनुस खान, राजपाल सिंह शेखावत, कालूलाल गुर्जर, श्रीचन्द कृपलानी, विकास मगरा, बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष हरिसिंह रावत को दौरे की तैयारियों का जिम्मा सौंपा गया है।

# मनपुर घांटी में आरटीओ ऑफिस के सामने पावर बाइक लूट के मामले का खुलासा

### 2 शातिर बदमाश गिरफ्तार, दोनों ही आरोपियों ने लूट की 5 वारदातें कबूली

**डूंगरपुर।** जिले की सदर थाना पुलिस ने 20 दिन पहले मनपुर घांटी में आरटीओ ऑफिस के सामने पावर बाइक लूट के मामले का खुलासा करते हुए 2 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनो ही आरोपियों ने लूट की 5 वारदातें कबूल कर ली है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

सदर थानाधिकारी हजारीलाल मीणा ने लूटपाट की वारदात का खुलासा करते हुए बताया कि मामले में 2 लूटेरो को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी राजपाल कोटेड निवासी मेताली फला तराला व ताराचंद कोटेड निवासी तीजवड को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मामले में उनके सहयोगियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में आरोपियों ने 25 अक्टूबर को मनपुर घांटी में आरटीओ ऑफिस के सामने विक्रम कटारा निवासी मनपुर की पल्सर बाइक 220 सीसी की लूटने की वारदात करना कबुल कर लिया है। आरोपियों ने विक्रम कटारा को नीचे गिराकर वारदात को अंजाम दिया था।

थानाधिकारी ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने शंकर घांटी में लूट के इरादे से वाहनों पर पथराव करने, उदयपुर रोड पर इन्द्रखेत के पास एक स्कूल के सामने बाइक सवार महिला व पुरुष से बैग छीनने का प्रयास करना, सीमलवाड़ा रोड पर महूडी के पास एक बाइक सवार महिला- पुरुष से पर्स छीनने जिसमें 2 हजार रुपये थे ओर मोबाइल लूटकर ले जाने, कंडूला देवल रोड पर एक लड़के व लड़की से बैग छीनने की वारदातें भी कबूल कर ली है।

मामले में पुलिस दोनों ही आरोपियों से पूछताछ कर रही है। दोनो आरोपी आपस मे दोस्त है और मौज-शोक के लिए लूटपाट की वारदातें करना बताया है।

# पायलट बोले- चिंता मत कीजिए मैं राजस्थान से बाहर कहीं नहीं जा रहा



**जयपुर।** सचिन पायलट ने उदयपुर में कहा है कि जल्द ही अच्छे परिणाम सामने आएंगे। बातों ही बातों में उन्होंने कहा कि मैं राजस्थान में ही रहूंगा, कहीं नहीं जा रहा हूं। 2023 में राजस्थान में कांग्रेस सरकार के गठन के लिए हमें जो कुछ भी करना पड़ेगा, वो करेंगे। इससे पहले भी पार्टी ने उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी, वो निभाई है। पायलट ने कहा कि आगे भी जो जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, उसे पूरे मन से निभाएंगे।

पायलट ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी जो मेरी भूमिका तय करेंगे, मैं उसे निभाऊंगा। इससे पहले भी मैं बंगाल, केरल, बिहार और असम में जाता रहा हूं। एक सवाल का जवाब देते हुए पायलट ने कहा कि चिंता मत कीजिए... मैं राजस्थान से बाहर कहीं नहीं जा रहा।